राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़
Email:- registrar.rmpu@gmail.com, Contact No. 7017836228

पत्रांकः—आर0एम0पी0यू0 / 546 / 2022 दिनांकः— 16 जून, 2022

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त राजकीय / अनुदानित / स्ववित्तपोषित महाविद्यालय,
सम्बद्ध राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय,
अलीगढ़।

विषयः—परीक्षा शुल्क लिये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

विश्वविद्यालय के अधिसूचना संख्याः आर0एम0पी0यू0 / 514 / 2022 दिनांकः 10 जून, 2022 के आलोक में कतिपय महाविद्यालयों द्वारा विभिन्न फीस लिये जाने के सम्बन्ध में स्पष्टीकरण की मांग की है जो निम्न है—

1. प्रमाण पत्र / डिप्लोमा / उपाधि शुल्क वित्त समिति के निर्णय के अनुपालन में प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा शुल्क के साथ लिया जायेगा।
2. रोवर रेंजर, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा शुल्क वार्षिक आधार पर लिया जाएगा। यह शुल्क प्रथम, तृतीय, पंचम सेमेस्टर में परीक्षा शुल्क के साथ लिया जायेगा। यदि यह शुल्क डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा द्वारा पूर्व में लिया जा चुका है तो राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़ द्वारा इसे तृतीय सेमेस्टर में लिया जाएगा। यदि किसी महाविद्यालय द्वारा यह शुल्क नहीं दिया गया है तो वह इसी सेमेस्टर के परीक्षा शुल्क के साथ उक्त शुल्क जमा करेगा।
3. सांस्कृतिक शुल्क रू 50 / — में से रू 20 / — विश्वविद्यालय का तथा रू 30 / — महाविद्यालय का अंश होगा।
4. निदेशक, उच्च शिक्षा, प्रयागराज के पत्र सं0 डिग्री विकास / 135023 / 2021—22 दिनांक 15.12.2021 के आलोक में महाविद्यालय में अध्ययनरत समस्त छात्र / छात्राओं से रोवर रेंजर शुल्क रू 50 / — लिया जायेगा तथा रोवर रेंजर शुल्क रू 50 / — का वितरण उ0प्र0 भारत स्काउट एवं गाइड, विश्वविद्यालय, महाविद्यालय तथा जिला संस्था भारत स्काउट एवं गाइड क्रमश : 15 : 20 : 50 : 15 के अनुपात में एकत्रित किया जायेगा।

अतः उपरोक्त का अनुपालन करने का कष्ट करें।

भवदीय

(महेश कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. वित्त अधिकारी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
3. गार्ड फाइल।

कुलसचिव

Scanned with CamScanner